StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 14
No. of Printed Pages — 11

# SS—01—Hindi (C) ( D & D )

# उर्ा माध्यमिक ( मूक-बधिर ) परीक्षा, 2013

# हिन्दी ( अनिवार्य )

समय : 4 $\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द-सीमा में लिखें ।

(4) जिस प्रश्न के **अ, ब, स, द** भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

StudentBounty.com



**खण्ड - क**

1. अधोलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अँधेरी रात में दीपक जलाए कौन बैठा है ?

उठी ऐसी घटा नभ में,

छिपे सब चाँद और तारे

उठा तूफान वह नभ में,

गए बुझ दीप भी सारे

मगर इस रात में भी लौ

लगाए कौन बैठा है ?

अँधेरी रात में दीपक जलाए कौन बैठा है ?

गगन में गर्व से उठ-उठ

गगन में गर्व से घिर-घिर

गरज कहती घटाएँ हैं,

नहीं होगा उजाला फिर,

मगर चिर ज्योति में निष्ठा

जमाए कौन बैठा है ?

(अ) सभी चाँद तारे किस कारण छिप गए ? 2

(ब) तूफानी रात के प्रभाव को लिखिए । 2

(स) गरजती घटाएँ क्या कह रही हैं ? 2

(द) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

StudentBounty.com



2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

पहली घटना महाभारत काल की है । आचार्य द्रोण राजकुमारों को बाण-विद्या सिखा रहे थे । समय पर शिक्षा समाप्त हुई और राजकुमार आचार्य के समीप अन्तिम परीक्षा के लिए एकत्र हुए । आचार्य उन्हें एक वनस्थली में ले गए और एक वृक्ष के ऊपर बैठी चिड़िया की आँखों की पुतली के लक्ष्यवेध का निश्चय हुआ । आचार्य ने सबको निशाना ठीक करने को कहा और तब एक छोटा-सा प्रश्न किया —

"तुम्हें क्या दिखाई देता है ?"

(अ) आचार्य द्रोण राजकुमारों को किसकी शिक्षा दे रहे थे ? 2

(ब) चिड़िया कहाँ बैठी थी ? 2

(स) यह घटना किस काल से सम्बन्धित है ? 2

(द) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

StudentBounty.com



**खण्ड - ख**

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(अ) राजस्थान और अकाल

(ब) होली का त्यौहार

(स) आदर्श शिक्षक

(द) मेले का वर्णन ।

4. विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा अनियमित बिजली कटौती पर समाचार पत्र को प्रेषित करने हेतु एक रिपोर्ट लिखिए । 4

5. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर आलेख लिखिए : 4

(अ) बाल विवाह

(ब) पार्कों की दुर्दशा

(स) अनियमित बस सेवा ।

6. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर फीचर लिखिए : 4

(अ) शैक्षिक भ्रमण

(ब) क्रिकेट मैच

(स) विद्यालय का माली ।

StudentBounty.com



**खण्ड - ग**

7. अधोलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना,
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया ।
कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया नि:शेष;
शब्द के अंकुर फूटे
पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष ।
झूमने लगे फल,
रस अलौकिक,
अमृत धाराएँ फूटतीं
रोपाई क्षण की,
कटाई अनंतता की
लुटते रहने से जरा भी नहीं कम होती ।

(अ) 'कोई अंधड़ कहीं से आया'

उक्त पंक्ति का आशय लिखिए । 2

(ब) 'छोटा मेरा खेत' का प्रतीकार्थ लिखिए । 2

(स) क्षण का बीज किसे कहा गया है ? 2

**अथवा**

सबसे तेज़ बौछारें गयीं भादों गया

सवेरा हुआ

खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा

शरद आया पुलों को पार करते हुए

अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज़ चलाते हुए

घंटी बजाते हुए जोर-जोर से

चमकीले इशारों से बुलाते हुए

पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को

चमकीले इशारों से बुलाते हुए और

आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए

कि पतंग ऊपर उठ सके —

(अ) शरद का प्रतीकार्थ लिखिए । 2

(ब) पतंग उड़ाने वाले बच्चों को कौन बुला रहा है ? 2

(स) शरद ने आकाश को मुलायम क्यों बनाया ? 2



StudentBounty.com

StudentBounty.com



8. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे

भोर का नभ

राख से लीपा हुआ चौका

( अभी गीला पड़ा है )

बहुत काली सिल जरा से लाल केसर

कि जैसे धुल गई हो

स्लेट पर या लाल खड़िया चाक

मल दी हो किसी ने

(अ) उपर्युक्त पंक्तियों का भाव-सौन्दर्य लिखिए । 2

(ब) उपर्युक्त काव्यांश के काव्य-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए । 2

**अथवा**

तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहउँ नाथ तुरंत ।

अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चलेउ हनुमंत ॥

भरत बाहु बल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार ।

मन महुँ जात सराहत पुनि पुनि पवनकुमार ॥

(अ) उपर्युक्त काव्यांश का भाव-सौन्दर्य लिखिए । 2

(ब) उपर्युक्त काव्यांश के काव्य-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए । 2

StudentBounty.com



9. पठित कविताओं की विषय-वस्तु से सम्बन्धित दिए गए **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) बादलों के आगमन से प्रकृति में होने वाले परिवर्तन को लिखिए । $2\frac{1}{2}$

(ब) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि ने किस स्थिति को अमावस्या कहा है ? $2\frac{1}{2}$

(स) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ? $2\frac{1}{2}$

(द) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे ? $2\frac{1}{2}$

10. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सेवक धर्म में हनुमान जी से स्पर्द्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनामधन्या गोपालिका की कन्या है — नाम है लछमिन अर्थात लक्ष्मी । पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है, वैसे ही लक्ष्मी की समृद्धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बँध सकी । वैसे तो जीवन में प्राय: सभी को अपने-अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है; पर भक्तिन बहुत समझदार है, क्योंकि वह अपना समृद्धि-सूचक नाम किसी को बताती नहीं । केवल जब नौकरी की खोज में आई थी, तब ईमानदारी का परिचय देने के लिए उसने शेष इतिवृत्त के साथ यह भी बता दिया; पर इस प्रार्थना के साथ कि मैं कभी नाम का उपयोग न करूँ ।

(अ) भक्तिन किसकी पुत्री थी ? 2

(ब) भक्तिन का असली नाम लिखिए । 2

(स) लेखिका ने भक्तिन को समझदार क्यों कहा ? 2

(द) भक्तिन ने अपना नाम बताते समय लेखिका से क्या प्रार्थना की ? 2

**अथवा**

StudentBounty.com



लुट्टन के माता-पिता उसे नौ वर्ष की उम्र में ही अनाथ बनाकर चल बसे थे । सौभाग्यवश शादी हो चुकी थी, वरना वह भी माँ-बाप का अनुसरण करता । विधवा सास ने पाल-पोस कर बड़ा किया । बचपन में वह गाय चराता, धारोष्ण दूध पीता और कसरत किया करता था । गाँव के लोग उसकी सास को तरह-तरह की तकलीफ़ दिया करते थे; लुट्टन के सिर पर कसरत की धुन लोगों से बदला लेने के लिए ही सवार हुई थी । नियमित कसरत ने किशोरावस्था में ही उसके सीने और बाँहों को सुडौल तथा माँसल बना दिया था । जवानी में कदम रखते ही वह गाँव में सबसे अच्छा पहलवान समझा जाने लगा । लोग उससे डरने लगे और वह दोनों हाथों को दोनों ओर 45 डिग्री की दूरी पर फैलाकर पहलवानों की भाँति चलने लगा ।

(अ) लुट्टन का लालन-पालन किसने किया ? 2

(ब) लुट्टन बचपन में क्या काम करता था ? 2

(स) लुट्टन के कसरत शुरू करने का कारण लिखिए । 2

(द) नियमित कसरत का लुट्टन पर क्या प्रभाव पड़ा ? 2

11. पाठों की विषयवस्तु पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

( उत्तर-सीमा 40 से 60 शब्द )

(अ) मेढ़क-मंडली के कार्यों को लिखिए । 2

(ब) बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या असर पड़ता है ? 2

(स) सफिया के भाई ने नमक की पुड़िया ले जाने से क्यों मना कर दिया ? 3

**अथवा**

लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत ( संन्यासी ) की तरह क्यों माना है ? 3

StudentBounty.com



**खण्ड - घ**

12. पाठों की विषयवस्तु पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

( उत्तर-सीमा 40 से 60 शब्द )

(अ) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं । ऐसा क्यों ? 3

(ब) ''सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी ।'' इस कथन को पुरातत्व के चिह्नों के आधार पर समझाइए । 3

(स) फ्रेंक परिवार को किस कारण अज्ञातवास करना पड़ा तथा उन्हें किन लोगों से मदद मिलती रही ? 3

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

( उत्तर-सीमा 20 से 30 शब्द )

(अ) महिलाओं के सम्बन्ध में फ्रेंक के विचारों को लिखिए । $1\frac{1}{2}$

(ब) यशोधर बाबू के भीतर के द्वन्द्व को लिखिए । $1\frac{1}{2}$

(स) 'जूझ' कहानी के लेखक ने अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए दत्ता जी राव का सहारा क्यों लिया ? $1\frac{1}{2}$

StudentBounty.com



14. विषय वस्तु पर आधारित दिए गए प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए :

( उत्तर-सीमा 40 से 60 शब्द )

(अ) नदी, कुएँ, स्नानागार और बेजोड़ निकासी व्यवस्था को देखते हुए लेखक पाठकों से प्रश्न पूछता है कि क्या हम सिंधु घाटी सभ्यता को जल संस्कृति कह सकते हैं ? आपका जवाब लेखक के पक्ष में है या विपक्ष में ? तर्क दें । 3

**अथवा**

(ब) आपके ख्याल में पढ़ाई-लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ता जी राव का रवैया सही था या लेखक के पिता का ? तर्क सहित उत्तर दें । 3